प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

17.06.2025 / प्रादेशिक समाचार / 19:45बजे

'' मुख्य समाचार''

- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा—नशे के खिलाफ गंभीरता, संवेदनशीलता और जागरूकता जरूरी।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रदेश को हरित, आत्मनिर्भर और समृद्धशाली बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश सरकार पर लगाया केंद्रीय योजनाओं को सही ढंग से लागू न करने का आरोप।
- प्रदेश में प्री मॉनसून की दस्तक— 20 जून से कई स्थानों पर भारी वर्षा का यलो अर्लट।

राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा है कि नशे के खिलाफ गंभीरता, संवेदनशीतला और जागरूकता जरूरी है। राज्यपाल शिमला जिला के दुर्गम क्षेत्र डोडरा क्वार में नशे के खिलाफ विद्यार्थियों की रैली को रवाना करने के बाद स्थानीय लोगों से संवाद कर रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि बहुत छोटे स्तर पर गंभीरता से शुरू किया गया नशा मुक्ति कार्यक्रम आज जन आंदोलन का रूप ले चुका है। राज्यपाल ने कहा कि नशे के सौदागर देव भूमि हिमाचल के देवत्व को खत्म करना चाहते हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि नशे के इन सौदागरों के खिलाफ महिलाएं ज्यादा प्रभावी तरीके से काम कर सकती हैं। उन्होंने इस बुराई को खत्म करने के लिए महिलाओं से आगे आने की अपील की।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि सरकार प्रदेश को हरित, आत्मनिर्भर और समृद्धशाली बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कुल्लू जिला के निरमंड उपमंडल के बागा—सराहन में एक जनसभा को संबोधित करते हुए ये संकल्प दोहराया और इस दिशा में सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि सरकार प्रदेश में विकास के नये अयाम स्थापित कर रही है। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर आनी विधानसभा क्षेत्र में 81 करोड़ रूपए से अधिक की विकास योजनाओं को जनता को समर्पित किया। उन्होंने आनी क्षेत्र में डे—बोर्डिंग स्कूल खोलने और आनी को नगर पंचायत का दर्जा देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि और अन्य योजनाओं की राशि भी लाभार्थी महिलाओं को वितरित की।

बागवानी मंत्री

बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि इस वर्ष भी सेब यूनिवर्सल कार्टन में बिकेगा। जगत सिंह नेगी ने आज रिकांगपिओ में एक पत्रकार वार्ता में कहा कि सरकार यूनिवर्सल कार्टन को कड़ाई से लागू करेगी और इसकी अवहेलना करने वाले आढ़तियों व बागवानों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सेब बचने को लेकर भाजपा द्वारा दुष्प्रचार लगाने का भी आरोप लगाया। जगत सिंह नेगी ने कहा कि यदि केंद्र सरकार ने सेब पर आयात शुल्क घटाया तो इसके खिलाफ आंदोलन किया जाएगा।

हर्षवर्धन

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा है कि ऊना के हरोली में बल्क ड्रग पार्क को विकसित करने का काम तेजी से चल रहा है। उद्योग मंत्री ने आज शिमला में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि पार्क के भूमि विकास के काम के टेंडर कर दिए गए हैं और मूलभूत सुविधाएं तेजी से जुटाई जा रही हैं।

*जल्द ही जो है एनवायरमेंट क्लियरेंसेज मिनिस्ट्री ऑफ़ फारेस्ट एंड एनवायरनमेंट ऑफ़ इंडिया से बल्क ड्रग पार्क की आने वाली है। और हम बहुत तेजी से जो है इसपे कार्य कर रहे हैं।बाकी जो हमारा बिजली लाने का है वह हमने इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड को पैसे दे दिए हैं। 80 परसेंट वर्क हो गया है। 80% वर्क हो गया है हम और 15 एमएलडी पानी जो है लिफ्ट करने के लिए हमने 15 ट्यूबवेल्स खोद दिए हैं। रोड्स की व्हाइनिंग के लिए पी डब्ल्यू डी को पैसा दिया है लैंड एक्विजिशन का प्रोसेस वो चल रहा है।*

उद्योग मंत्री ने आरोप लगाया कि मेडिकल डिवाईस पार्क विकसित करने के लिए पूर्व भाजपा सरकार ने प्रदेश के हितों की अनदेखी की। इस कारण इस पार्क का कार्य अभी लटका हुआ है।

सेब

मुख्यमंत्री के प्रधान मीडिया सलाहकार नरेश चौहान ने कहा है कि बागवानों को अपने बागीचों से सेब बेचने पर सरकार ने कोई पाबंदी नहीं लगाई है और न ही इस तरह के कोई आदेश जारी किए हैं। नरेश चौहान ने आज शिमला में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि इस संबंध में सोशल मीडिया में भ्रामक प्रचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बागवान अपनी फसल कहीं भी बेचने के लिए स्वतंत्र हैं।
दानी खरीददार जो सीधे तौर पे जो है बगीचों में या किसानों के गोदामों में जो सेब खरीदना चाहते हैं, फसल खरीदना चाहते हैं, उनके लिए कोई ऐसी बात नहीं कही गई, ऐसी कोई पाबंदी नहीं है, ऐसे लोग जो मंडियों में सेब खरीद रहे हैं, उनका रजिस्ट्रेशन होना बहुत जरूरी है, जिससे हमारे बागवान भाइयों का जो फसल है, उनका जो दाम है उनकी फसल का वो उनको मिल सके।

***दूसरी ओर संयुक्त किसान मंच के संयोजक हरीश चौहान ने कहा है कि सरकार इस मामले में तुरन्त स्थिति स्पष्ट करे। उन्होंने कहा कि सरकार को सेब खरीदने वालों का पंजीकरण करना चाहिए और सड़क किनारे बिना लाइसेंस के सेब खरीदने वालों पर प्रतिबंध लगाना चाहिए।***

***अब उसमें एपीएमसी की तरफ से यह जो निर्णय लिया गया है या सरकार ने तो यह निर्णय नहीं लिया, बागवान अपने बगीचे में सीधा सेब नहीं बेच पाएगा, ये बड़ी दुर्भाग्य की बात है, वो बागवान की मर्जी है, बागवान जहां मर्जी से बेचे, अपने घर से बेचे, वो अगर चाहे मंडी में जाना चाहे, अगर अगर एपीएमसी में बागवानों को अच्छा लगता है तो वहां चले जाएंगे और बागवान अपने बागान में कैसे नहीं सेब बेच सकता है।***

जयराम ठाकुर
नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश सरकार की नीयत केंद्र द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को लेकर ठीक नहीं है। जयराम ठाकुर ने आज मंडी में कहा कि केंद्र सरकार द्वारा बार–बार पत्र लिखने के बावजूद विभिन्न योजनाओं के लिए प्रदेश सरकार अलग–अलग खाता नहीं खोल रही है। इस कारण इन योजनाओं का सही ढंग से क्रियान्वयन नहीं हो रहा है। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश के समग्र विकास के लिए केंद्र सरकार भरपूर सहयोग दे रही है लेकिन सुक्खू सरकार एक भी कदम बढ़ाने को तैयार नहीं है। सरकार के इस रवैए की वजह से प्रदेश में हजारों करोड़ रूपए की योजनाएं प्रभावित हो रही हैं।

प्री मानसून
हिमाचल प्रदेश में प्री मानसून ने दस्तक दे दी है। प्री मॉनसून के सक्रिय होते ही राज्य के अधिकांश इलाकों में जोरदार बारिश हो रही है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक शोभित कटियार ने बताया कि आगामी 5 दिनों में प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में मध्यम से हल्की बारिश दर्ज की जाएगी।
बाइट .. शोभित कटियार, मौसम वैज्ञानिक, शिमला,

***हिमाचल प्रदेश के अगर हम 17 जून की बात करें तो हमें अनेक स्थानों पर हल्के से मध्यम स्तर की बारिश को देखने को मिलेगी जिसमें समझ रूप से जो हमारे मैदानी इलाके हैं वहां पर यह बारिश का दौर अगले तीन से चार घंटे लगातार हमें देखने को मिलेगा जबकि हाई हील्स में यह बारिश लगभग दोपहर की बात से चालू होगी और शाम तक चलेगी हालांकि हिमाचल प्रदेश के एक्टिविटी में कल और परसों थोड़ी सी कमी आएगी लेकिन 20 तारीख के बाद से एक बार फिर से बारिश हमें हिमाचल प्रदेश के अनेक स्थानों में बढ़ती हुई नजर आएगी मानसून की जो नॉर्मल रेट है वह हिमाचल प्रदेश में 25 जून है।***

इस बीच प्रदेश में पिछले कुछ दिनों से हो रही वर्षा और पहाड़ों पर बर्फ के तेजी से पिघलने के कारण नदी नालों का जल स्तर बढ़ गया है। इसे देखते हुए प्रदेश बिजली बोर्ड के लारजी बांध और सतलुज

जल विद्युत निगम के नाथपा बांध से अतिरिक्त पानी छोड़ा जा रहा है। दोनों बांध प्रशासनों ने स्थानीय लोगों और पर्यटकों से आग्रह किया है कि वे ब्यास और सतलुज नदियों के किनारों से दूर रहें।

बिक्रम ठाकुर

भाजपा के वरिष्ठ नेता व विधायक बिक्रम ठाकुर ने आरोप लगाया है कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार शिक्षकों के साथ तबादलों के नाम पर अमानवीय व्यवहार कर रही है। उन्होंने दावा किया कि तबादलों पर रोक के बावजूद जसवां प्रागपुर विधानसभा क्षेत्र में बीते 15 दिनों में 25 शिक्षकों के तबादले कर दिए गए हैं। उन्होंने सरकार से पूछा कि ये तबादले किस आधार पर किए गए। बिक्रम ठाकुर ने इन तबादलों की निष्पक्ष जांच कराने और सभी तबादलों को रद्द करने और इनके लिए जिम्मेवार अधिकारियों व नेताओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

टांडा

टांडा मेडिकल कॉलेज में अहमदाबाद विमान दुर्घटना में मारे गए यात्रियों और बी.जे.एम.सी. मेडिकल कॉलेज हॉस्टल के एम.बी.बी.एस. डॉक्टरों को आज श्रद्धांजलि अर्पित की गई और उनकी याद में दो मिनट का मौन रखा गया। प्रधानाचार्य डॉक्टर मिलाप शर्मा ने विमान दुर्घटना में मारे गए सभी यात्रियों और डॉक्टरों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की।

डी.सी.सोलन

21 जून को मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां प्रदेश में जोरों पर हैं। इस कड़ी में आज सोलन के उपायुक्त मनमोहन शर्मा की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में उपायुक्त ने संबंधित विभाग को पंचायत स्तर पर भी योग दिवस के कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि जिला में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस खंड व पंचायत स्तर पर भी आयोजित किया जाएगा और समाज के हर वर्ग को योग के बारे में जागरूक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम आईटीआई सोलन में आयोजित किया जाएगा।

***सोलन जिला में योग दिवस मनाने के बारे में बैठक की थी, जिसमें निर्देश दिए गए कि जिला स्तर पर,उपमंड स्तर पर और पंचायत स्तर पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाए, साथ ही में सभी लोगों से आवाहन किया जाए कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में इस कार्यक्रम में शामिल हो और योग को अपने जीवन में अपनाएं। तो हमने सभी एसडीएम को आदेश दे दिए हैं कि वो सुनिश्चित करें कि उपमंडल स्तर पर और तहसील स्तर पर भी योग दिवस मनाया जाए.***

अग्निवीर

प्रदेश में अग्निवीर भर्ती के लिए 30 जून से 10 जुलाई तक ऑनलाईन सामान्य प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। सेना भर्ती कार्यालय शिमला की निदेशक पुष्पिंदर कौर ने कहा कि शिमला, सोलन, सिरमौर और किन्नौर जिला के उम्मीदवारों के लिए ये ऑनलाईन परीक्षा शिमला, सोलन और बद्दी परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्र का नाम, स्थान, रिपोर्टिंग तिथि और समय एडमिट कार्ड में अंकित होगा। पंजीकृत अभ्यार्थी अपना एडमिट कार्ड इंडियन आर्मी की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं।

जनकराज

भरमौर के विधायक डॉक्टर जनकराज ने कहा है कि 15 से 30 जुलाई तक मणिमहेश यात्रा मार्ग पर हड़सर से मणिमहेश झील तक सफाई अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने सभी शिव भक्तों से इस अभियान में स्वयं सेवक के रूप में हिस्सा लेने का आग्रह किया है। डॉक्टर जनकराज ने कहा है कि ये अभियान मणिमहेश यात्रा मार्ग को स्वच्छ व सुंदर बनाए रखने के लिए स्वयं सेवी संस्था हीलिंग हिमालय के सहयोग से आयोजित किया जाएगा।

“ मुख्य समाचार एक बार फिर”

- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा–नशे के खिलाफ गंभीरता, संवेदनशीलता और जागरूकता जरूरी।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रदेश को हरित, आत्मनिर्भर और समृद्धशाली बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश सरकार पर लगाया केंद्रीय योजनाओं को सही ढंग से लागू न करने का आरोप।

- प्रदेश में प्री मॉनसून की दस्तक– 20 जून से कई स्थानों पर भारी वर्षा का यलो अर्लट।